प्रभात खबर

80 लीटर स्पिरिट 45 लीटर तैयार नकली शराब बरामद

सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के तसरिया गांव में उत्पाद विभाग की पुलिस द्वारा नकली शराब बनाने के कारोबार का एक बार फिर भंडाफोड़ किया गया हैं. इस बार भी विभाग ने भारी मात्रा में स्पिरिट व नकली शराब बनाने का समान आदि बरामद किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सुंदरपहाड़ी के तसरिया गांव में एक अर्धनिर्मित मकान में यह धंधा चल रहा था, जिसकी सूचना उत्पाद विभाग को मिली. इसमें विभाग ने एक को चिह्नित भी किया है. हालांकि जिस समय छापेमारी की जा रही थी, वहां कोई भी नहीं आया. उत्पाद विभाग ने वहां से तकरीबन 80 लीटर स्पिरिट, 45 लीटर तैयार शराब सहित भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का ढक्कन, शीशी, प्लास्टिक का जार आदि बरामद किया है. बताया कि जब्त शराब को बाहर में खपाये जाने की योजना थी. कहा कि होली में भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का कारोबार होता है. तैयार नकली शराब को हाट बाजार अथवा बिहार में खपाये जाने की योजना थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए पकडा गया है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/godda/fake-liquor-racket-busted-in-tasaria-of-sundarpahadi